## खबर संक्षेप

### ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द उपार्जन हेतु पंजीयन 25 मई से 15 जून तक

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र. शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मंत्रालय भोपाल द्वारा भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) की ग्रीष्मकालीन फसल मूंग एवं उड़द को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए 25 मई 2026 से 15 जून 2026 तक पंजीयन किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसके लिए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा गेहूं के ई-उपार्जन पोर्टल पर दिनांक 23 जनवरी 2026 के माध्यम से पंजीयन संबंधी विस्तृत परिपत्र जारी किया गया है, जिसके अनुसार पंजीयन की कार्यवाही की जाएगी। जिला उपार्जन समिति की सहमति उपरांत कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार छिंदवाड़ा जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द उत्पादक कृषकों के पंजीयन हेतु 25 मई 2026 से 15 जून 2026 तक कुल 19 पंजीयन केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इन पंजीयन केंद्रों पर शासन द्वारा जारी ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द पंजीयन नीति के निर्देशानुसार किसानों के पंजीयन की कार्यवाही की जाएगी। निर्धारित केंद्रों में तहसील छिंदवाड़ा के 2, चौरई के 4, चांद के 2, अमरवाड़ा के 3, तामिया के 2 एवं मोहखेड़, हर्रई, परासिया, उमरेठ, जुन्नारदेव व बिछुआ में एक-एक सहकारी संस्थाएं एवं बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सांख सहकारी समितियां शामिल हैं।

### जल संरक्षण को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूकता

**छिन्दवाड़ा।** जल संरक्षण और उसके महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड छिंदवाड़ा के तत्वावधान में सेक्टर क्रमांक 3 के ग्राम माल्हनवाड़ा में आज "जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

एमएसडब्ल्यू की छात्रा निकिता अहके एवं सरला पवार ने कहा कि जिस प्रकार प्रकृति के संतुलन के लिए पेड़, मिट्टी और जीव-जंतुओं का संरक्षण आवश्यक है, उसी प्रकार मानव जीवन के लिए जल संरक्षण सबसे अधिक जरूरी है। उन्होंने सभी से जल का महत्व समझते हुए उसे सहेजने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई तथा जल बचाने को लेकर संवाद भी किया गया। आयोजन को सफल बनाने में एमएसडब्ल्यू की छात्राएं निकिता अहके, सरला पवार, साक्षी धुर्वे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती अनीता धुर्वे एवं ग्रामीण महिलाओं का सराहनीय सहयोग रहा।

# बुलेट से बाल-बाल बचे 7 कर्मचारी, एक घायल

## साईखेड़ा-रायसोनी कॉलेज मार्ग पर वारदात, जांच में जुटी लोधीखेड़ा पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

औद्योगिक क्षेत्र के साईखेड़ा और रायसोनी कॉलेज के बीच स्थित सुनसान मार्ग पर शुक्रवार की शाम उस वक्त सनसनी फैल गई, जब रेमंड कंपनी के कर्मचारियों से भरे एक वाहन पर अज्ञात बदमाशों ने अचानक फायरिंग कर दी।

गोली इतनी गति से चलाई गई कि वह वाहन के सामने वाले कांच को चीरते हुए पीछे से बाहर निकल गई। इस खौफनाक हमले के दौरान वाहन क्रमाँक एम पी 39 टी 0867 में कुल 7 कर्मचारी सवार थे, जो ड्यूटी खत्म कर वापस पांढुर्णा लौट रहे थे। गनीमत रही कि इस जानलेवा हमले में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई और सभी कर्मचारी बाल-बाल बच गए।






### कांच के टुकड़े लगने से एक कर्मचारी घायल

हमले के वक्त वाहन के भीतर चीख-पुकार मच गई। अचानक हुई इस घटना के कारण वाहन का अगला कांच पूरी तरह चकनाचूर हो गया। कांच के नुकीले टुकड़े लगने से वाहन में बैठे रेमंड कंपनी के कर्मचारी विनोद गजभिए घायल हो गए हैं। वारदात के बाद सहमे और घबराए कर्मचारी वाहन को बिना रोके सीधे सुरक्षित स्थान पांढुर्णा लेकर पहुंचे।

### काले रंग की कार से आए थे हमलावर

वाहन मालिक बबलु सोनकुसरे ने बताया कि रोजाना की तरह कर्मचारी कंपनी से अपनी ड्यूटी पूरी कर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान साईखेड़ा और रायसोनी कॉलेज के बीच सुनसान इलाके में पीछे से आई एक संदिग्ध काले रंग की कार में सवार बदमाशों ने अचानक उनके वाहन को निशाना बनाकर फायरिंग झोंक दी। गोली सीधे वाहन के सामने वाले हिस्से को पार कर गई।

### सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी टीमें

हाईप्रोफाइल रेमंड कंपनी के कर्मचारियों पर हुए इस हमले की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और लोधिखेड़ा पुलिस तुरंत हरकत में आई। लोधीखेड़ा थाना प्रभारी ए. बी. मर्सकोले अपनी टीम के साथ मामले की सघन जांच में जुट गए हैं।

### इनका कहना है

ए. बी. मर्सकोले थाना प्रभारी, लोधीखेड़ा का कहना है कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाना शुरू कर दिया है। प्रथम दृष्ट्या यह फायरिंग है या फिर किसी तेज पत्थर के टकराने से घटना घटित हुई है,इसकी बारीकी से जांच की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# रेत माफियाओं का खेल: विभागीय मिलीभगत के आरोपों से घिरा अवैध उत्खनन

## राजस्व, खनिज, पुलिस और वन अमले पर संरक्षण देने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया तहसील में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। क्षेत्र में लंबे समय से यह आरोप लगते रहे हैं कि राजस्व, खनिज, पुलिस और वन विभाग के कुछ कर्मचारियों की कथित मिलीभगत से रेत माफिया बेखौफ होकर नदियों से अवैध रेत निकाल रहे हैं। हालात ऐसे बन गए हैं कि राजस्व भूमि से बड़े पैमाने पर रेत का दोहन किया जा चुका है और अब वन क्षेत्र की नदियां भी रेत माफियाओं के निशाने पर हैं।




### देनवा नदी से अवैध उत्खनन का मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार बफर जोन अंतर्गत सांखरी बीट के चूरनी क्षेत्र स्थित देनवा नदी से एक कथित आदतन रेत कारोबारी द्वारा अवैध उत्खनन शुरू किया गया। बताया जा रहा है कि नदी से जेसीबी मशीनों और डंपरों के माध्यम से रेत निकालकर उसका अवैध भंडारण किया जा रहा था।मामले की सूचना मिलने पर पटवारी, राजस्व निरीक्षक और कोटवार कथित रूप से मौके पर पहुंचे। वहां उन्होंने रेत भरते हुए एक जेसीबी और दो डंपर पाए। लेकिन आरोप है कि संबंधित कर्मचारी बिना वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति के मौके पर पहुंचे थे और बाद में कथित लेन-देन कर वाहनों को छोड़ दिया गया।

### समाचार प्रकाशित होने के बाद हरकत में आया प्रशासन

पूरा मामला तब चर्चा में आया जब स्थानीय स्तर पर इस घटनाक्रम की खबर प्रकाशित हुई। खबर सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया।कलेक्टर द्वारा खनिज निरीक्षक स्नेहलता ठावरे को मौके की जांच और समाचार की पुष्टि के निर्देश दिए गए। जांच के दौरान खनिज विभाग की टीम कथित अवैध भंडारण स्थल पर पहुंची, जहां बचा हुआ रेत स्टॉक पाया गया।खनिज विभाग ने लगभग 20 घन मीटर रेत जब्त कर पंचनामा तैयार किया और जब्त सामग्री ग्राम जामुनढोंगा के सरपंच को सुपुर्द कर दी।

### मैदानी अमले की भूमिका पर उठे सवाल

इस पूरे घटनाक्रम ने राजस्व विभाग के मैदानी अमले की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि मौके पर वास्तव में जेसीबी और डंपर पाए गए थे तो उन्हें तत्काल जब्त कर वैधानिक कार्रवाई क्यों नहीं की गई।यह सवाल भी उठ रहा है कि बिना वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति के कार्रवाई करने पहुंचे कर्मचारियों ने आखिर किस आधार पर वाहनों को छोड़ा। मामले में कथित लेन-देन की चर्चाओं ने प्रशासनिक व्यवस्था की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

### कलेक्टर के निर्देशों की अनदेखी?

जानकारी के अनुसार जिला कलेक्टर द्वारा समय-समय पर टीएल बैठकों में खनिज और राजस्व विभाग को अवैध उत्खनन और परिवहन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए जाते रहे हैं। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर अवैध रेत कारोबार थमता नजर नहीं आ रहा।स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कुछ कर्मचारी मामूली आर्थिक लाभ के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अनदेखी कर रहे हैं, जिससे शासन को राजस्व हानि हो रही है और पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंच रहा है।

**ग्रामीणों में नाराजगी** : निशान गांव और आसपास के क्षेत्रों में रेत जब्ती की कार्रवाई के बाद लोगों के बीच यह सवाल चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर वास्तविक दोषियों पर कठोर कार्रवाई कब होगी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन निष्पक्ष जांच करे तो कई बड़े नाम सामने आ सकते हैं।

# पूर्व सीएम कमलनाथ के सार्थक प्रयासों से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में होंगे अनेक निर्माण कार्य

**60 सीटों वाले बालिका छात्रावास भवन सहित अन्य निर्माण के लिए शासन ने दी स्वीकृति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री, छिन्दवाड़ा विधायक कमलनाथ के सार्थक व सतत प्रयासों से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान छिन्दवाड़ा (आईटीआई) का कायाकल्प होगा। अनेक निर्माण कार्य होंगे जिससे यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को और अधिक सुविधाएं प्राप्त होगी साथ ही प्रशिक्षण के लिए नवीन वर्कशॉप भी मिलेगी जिससे उनकी शिक्षा व प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार होगा। छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा के जनक कमलनाथ के विशेष आग्रह पर छिन्दवाड़ा आईटीआई में निर्माण हेतु शासन ने राशि स्वीकृत की है जिससे परिसर के भीतर विभिन्न कार्य पूर्ण कराए जाएंगे। जिसका सीधा लाभ यहां पढ़ने व प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मिलेगा।

कमलनाथ ने अध्ययनरत विद्यार्थियों को और बेहतर सुविधाएं व प्रशिक्षण हेतु उत्तम दर्जे की वर्कशॉप, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। वर्कशॉप, थ्योरी कक्ष, एवं 60 सीटर बालिका छात्रावास भवन निर्माण, एक 200 सीटों की क्षमता वाला मल्टीपरपस हाल, आईटीआई पुराने वर्कशॉप, एवं थ्योरी कक्षाएं प्रशासनिक भवन के विद्युतीकरण, मरम्मत कार्य, एवं आईटीआई परिसर के बाउंड्रीवाल, गेट, साइकिल स्टैंड एवं ड्रेनेज की मरम्मत कार्य को प्राथमिकता के आधार पर किए जाने हेतु डॉ. गौतम टेटवाल राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार मप्र शासन को पत्र लिखा था। उन्होंने अपने पत्र में उल्लेख किया कि अध्ययनरत विद्यार्थियों को ये सुविधाएं प्राप्त होगी तो शिक्षा व प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार होगा जिससे उनका भविष्य उज्जवल होगा।

इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से विद्यार्थियों को उचित प्रशिक्षण प्राप्त होकर रोजगार अथवा स्वरोजगार की दिशा में आत्मनिर्भरता प्राप्त होगी। वर्तमान में इन कमियों के चलते उन्हें अनेकों प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है साथ ही शिक्षक वर्ग को भी प्रशिक्षण देने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

# चलती गाड़ी से लटका युवक गिरा, वीडियो वायरल

## लोधीखेड़ा से रामाकोना जा रही अंग्रेजी शराब की अवैध खेप





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

रामाकोना क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी का खेल इस कदर बेलगाम हो चुका है कि अब तस्करों को कानून का कोई खौफ नहीं रह गया है। लोधीखेड़ा शराब दुकान से रामाकोना और आसपास के ग्रामीण अंचलों में बड़े पैमाने पर की जा रही अवैध शराब की सप्लाय के बीच एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है। अवैध शराब से भरी एक बोलेरो गाड़ी को पकड़े जाने के बाद, उसे छुड़ाने के लिए आरोपियों ने बीच रास्ते में फिल्मी अंदाज में चलती गाड़ी पर हमला कर दिया। इस खूनी ड्रामे के दौरान गाड़ी से लटक रहा एक युवक चलती गाड़ी से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 21 मई की शाम की है। ऊटेकाटा मार्ग स्थित रेलवे ब्रिज के नीचे एक बोलेरो वाहन क्रमांक एमएच-27 एसी-5039 संदिग्ध परिस्थितियों में खड़ी थी। वाहन में भारी मात्रा में शराब की बोरियां लदे होने की भनक लगते ही कर्मचारीयो मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर चालक को दबोच लिया।वाहन चालक ने पूछताछ में अपना नाम संदीप (34 वर्ष) निवासी रामाकोना बताया। उसने कबूल किया कि गाड़ी में अवैध अंग्रेजी शराब भरी हुई है। रामाकोना लाकर बेची जा रही थी।शराब पकड़ने के बाद जब वाहन को ले जाया जा रहा था, तभी रास्ते में गुर्गों ने वाहन को छुड़ाने के लिए जानलेवा हमला कर दिया। शराब तस्करों ने चलती बोलेरो को रोकने का प्रयास किया, गाड़ी के कांच फोड़ दिए और भीतर रखी शराब की पेटियां चलती गाड़ी से बाहर फेंककर लूट लीं। इसी आपाधापी में गाड़ी से लटककर उसे रोकने की कोशिश कर रहा एक युवक संतुलन बिगड़ने से चलती गाड़ी से सीधे सड़क पर आ गिरा और लहूलुहान हो गया। इस पूरी वारदात का वीडियो राहगीरों ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया, जो अब इंटरनेट पर आबकारी विभाग की पोल खोल रहा है।

# अधिवक्ता पर कार्रवाई के लिए बार कौंसिल को सौंपा ज्ञापन

**परासिया ।** अधिवक्ता की शिकायत पर एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद आरोपी युवक के पिता ने परासिया और जबलपुर बार कौंसिल को ज्ञापन सौंपा है । जिसमें अधिवक्ता पर कार्रवाई करने और निष्पक्ष जांच होने तक अधिवक्ता संघ की सदस्यता से हटाने की मांग रखी है ।अधिवक्ता के नाम से गाली - गलौच करने और जान से मरवाने की धमकी देने की शिकायत पर पुलिस द्वारा आरोपी बनाए गए युवक के पिता ने ज्ञापन में कहा है , कि वह एक प्रतिष्ठित व्यवसायी परिवार से आते हैं । 18 मई सोमवार को अधिवक्ता के द्वारा उनके पुत्र के विरुद्ध अधिवक्ता संघ परासिया एवं थाना परासिया में एक पूर्व नियोजित षडयंत्र के साथ मुझसे एक करोड़ रुपये की अवैध वसूली करने के उद्धेश्य से अधिवक्ता संघ परासिया को गलत जानकारी देते हुए गुमराह किया जाकर अधिवक्ता संघ के माध्यम से ज्ञापन दिलाया गया एवं थाना परासिया में शिकायत दर्ज करवाई गई । जिसमें अधिवक्ता द्वारा एक नव युवति का नाम उसके पिता का नाम और पता, मोबाईल नम्बर बिना उस युवति के सहमति से गैर जिम्मेदाराना तरीके से सार्वजनिक कर दिया गया जो कि विधि विरुद्ध है । उक्त युवति के साथ बलात्कार होने की गलत जानकारी अधिवक्ता संघ एवं परासिया थाने को दी गई । इस घटना के तारतम्य में युवति के द्वारा किसी भी प्रकार की शिकायत पुलिस को नहीं की गई थी और न ही अधिवक्ता को विधि सलाहकार नियुक्त किया गया था और न ही युवति द्वारा इस संबंध में परामर्श प्राप्त किया गया था । इस घटना के तत्काल बाद इस बात का विरोध जताते हुए युवति ने पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा को अधिवक्ता के खिलाफ लिखित शिकायत की । उन्होंने यह भी कहा , कि मीडिया एवं अन्य संचार माध्यमो से दुष्प्रचार किया गया उस से मेरे पूरे परिवार और उक्त युवति की निजता का हनन हुआ है । उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल हुई है । इसलिये मामले को गंभीरता को देखते हुए अधिवक्ता के विरुद्ध विधि सम्मत कठोरतम कार्यवाही की जाए एवं जब तक इस घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच नहीं हो आती है तब तक अधिवक्ता को अधिवक्ता संघ की सदस्यता से तत्काल निलम्बित किया जाये ।

### प्रभुप्रणाम ग्रुप ने चिरैया के नाम परैया अभियान किया प्रारम्भ

**छिन्दवाड़ा।** प्रभुप्रणाम ग्रुप द्वारा प्रति वर्ष अनुसार, इस वर्ष भी चिरैया के नाम परैया अभियान को नवतपा प्रारम्भ पूर्व दि.23 मई को प्रारम्भ किया गया। इस अभियान के अंतर्गत नगर के विभिन्न पार्को पर चिरैया,पक्षियों व जीव जंतुओं हेतु अन्न-जल के लिए परैया,सकोरा, जलपात्रों व अन्नपात्रों में जल-अन्न भरकर रखा जाता है। इस पुनीत कार्य के साथ-साथ, प्रभुप्रणाम ग्रुप द्वारा लगभग विगत तेरह वर्षों से लगातार मानव-प्याऊ, पषु-जलपात्र स्थापित किये जा रहे हैं।



उक्त सभी सेवाकार्य स्वैच्छिक तथा निःस्वार्थ व जनकल्याण हेतु ग्रुप द्वारा संचालित किये जाते हैं। स्थानीय प्रियदर्षिनी पार्क स्थल पर , आज के पुनीतकार्य में नगर पालिक निगम छि. से नरेष फरकसे, प्रभुकृपाषंकर यादव, स्थानीयजन में अभिषेक सोनी, संजय साहु, राजेष राजपूत, शुभम चैहान, संजय शेंडे आदि की सहभागिता रही।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान अंतर्गत 25 एवं 26 मई को आयोजित होगा भाजपा जिला प्रशिक्षण वर्ग

**छिंदवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं वैचारिक रूप से समृद्ध बनाने के उद्देश्य से "पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान" के अंतर्गत दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन दिनांक 25 एवं 26 मई को किया जा रहा है। प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी की रीति-नीति, संगठनात्मक कार्यपद्धति, विचारधारा एवं जनसेवा आधारित विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण वर्ग में जिले भर के भाजपा पदाधिकारी सहभागी होंगे। प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक रूप से दक्ष बनाना एवं भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा एवं कार्यसंस्कृति से और अधिक मजबूती से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिवस 25 मई को भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करेंगे। अपने उद्बोधन में वे संगठन विस्तार, कार्यकर्ता निर्माण एवं संगठनात्मक दायित्वों को लेकर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। वहीं प्रशिक्षण वर्ग के द्वितीय दिवस 26 मई को भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री राधामोहन दास अग्रवाल प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करेंगे। वे कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, सेवा, सुशासन एवं राष्ट्र निर्माण में कार्यकर्ताओं की भूमिका विषय पर मार्गदर्शन देंगे।

### ग्रामीणों ने पोस्टर एवं संवाद के माध्यम से जाना जल का महत्व

**छिंदवाड़ा।** बिना पानी के न जीवन चल सकता हे,ओर न खेती की जा सकती है, न पशु पाले जा सकते है और ना ही जीवन जिया जा सकता हैं। जल के महत्व को जन जन तक पहुचाने हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान पर जागरूकता कार्यक्रम मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड छिंदवाड़ा के तत्वावधान मे सेक्टर क्रमांक 3 के ग्राम माल्हनवाड़ा मे जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्ग दर्शन मे किया गया। इस अवसर पर परामर्शदाता, श्यामल राव ने उपस्थित ग्रामीणों को बताया की भीषण गर्मी मे जल का स्तर गिर जाने की वजह से पीने योग्य पानी की कमी रहती हे यदि हम प्राकृतिक जल मिलने वाले पानी जिसका की संरक्षण किया जाना चाहिए।

## जनशिकायतों के त्वरित निराकरण से लेकर अमृत योजना और पौधरोपण तक हर मुद्दे पर हुई विस्तृत चर्चा

# निगम की समीक्षा बैठक: विकास कार्यों में तेजी और गुणवत्ता पर आयुक्त सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

शनिवार को नगर निगम सभाकक्ष में नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निगम की विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। समीक्षा के दौरान शहर में चल रहे विकास कार्यों, जनहित योजनाओं तथा नागरिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में सत्कार तिराहे पर निर्माणाधीन नाली निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं नागरिकों द्वारा जनआकांक्षा पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निराकरण की स्थिति पर भी गंभीरता से चर्चा हुई। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का



संतोषजनक निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।इसके अलावा संबल योजना, नया सवेरा योजना एवं निर्माण कर्मकार योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों, सहायता वितरण और श्रमिक पंजीयन कार्यों की भी समीक्षा की गई। सांसद एवं विधायक निधि से कराए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट भी बैठक में प्रस्तुत की गई।

आयुक्त श्री राय ने अमृत योजना के तहत रेस्टोरेशन, हाइड्रो टेस्टिंग और लीकेज सुधार कार्यों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण के पूर्व आयुक्त कार्यालय को विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा।

बैठक में रेन वाटर हार्वेस्टिंग, प्याऊ जल मंदिर स्थापना, नदी-बावड़ियों के संरक्षण, नाले-नालियों की सफाई, सौंदर्यीकरण तथा आगामी पौधरोपण अभियान को लेकर भी रणनीति तैयार की गई। आयुक्त ने कहा कि सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें ताकि शहर विकास और जनसुविधाओं के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित कर सके।

## रंगारी, लोधीखेड़ा, बेरडी में गली-गली बिक रही अवैध शराब, बेरडी में शासकीय भूमि पर शराब दुकान तानने का आरोप

# बेरड़ी में शराब दुकान हटाने सड़क पर उतरे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

क्षेत्र में आबकारी विभाग की नाक के नीचे अवैध शराब का कारोबार और ठेकेदारों की मनमानी चरम पर है। ग्राम पंचायत बेरड़ी में संचालित शराब दुकान (भट्टी) के कारण गांव का सामाजिक माहौल पूरी तरह प्रदूषित हो रहा है। शराबियों के जमावड़े, आए दिन होने वाले गाली-गलौज, विवाद असामाजिक गतिविधियों से तंग होकर ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत सचिव दिनेश पीम्पलकर को एक शिकायती ज्ञापन सौंपा है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि इस शराब भट्टी को नहीं हटाया गया, तो पूरा गांव उग्र जनआंदोलन के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन में पंच राजू जानभोर, घनश्याम झडाने, सुभाष ठाकरे, रत्नाकर गायकवाड़, अंकित गुर्वे,मनीष खंडाईत, गौरव खंडाईत, नयन वाडकर, सुभाष गायकवाड़, पुरुषोत्तम गिरे, लक्ष्मण ने बताया कि शराब दुकान हटाने की माग की है।



### 30,000 किराया' और दो लोगो में 'खींचातानी'

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यह शराब भट्टी जिस जगह पर तानी गई है, वह कथित तौर पर शासकीय भूमि है। चर्चा तो यह भी है कि इस दुकान का बाकायदा 30,000 प्रति माह एक व्यक्ति को लेन-देन हो रहा है। इस मोटी रकम को डकारने के चक्कर में दो कथित नेताओं के बीच अंदरूनी 'खींचातानी' वर्चस्व की जंग भी चल रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस भूमि कि राजस्व व अनुमति संबंधी दस्तावेज की मागा की है।

### ठेकेदार के गुर्गों की 'दादागिरी', पान ठेलों पर सप्लाय

ग्रामीणों ने चर्चा के दौरान बताया कि आबकारी तंत्र की पोल खोलते हुए बताया कि इस मुख्य दुकान की आड़ में ठेकेदार के आदमियों द्वारा आसपास के गांवों में भारी पैमाने पर अवैध शराब की सप्लाय की जा रही है। ठेकेदार के गुर्गे क्षेत्र में दादागिरी के दम पर ग्रामीण अंचलों के पान ठेलों और किराना दुकानों के माध्यम से अवैध रूप से शराब बिकवा रहे हैं। रंगारी, बेरड़ी लोधीखेड़ा क्षेत्र में लंबे समय से शराब ठेकेदार नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार आबकारी अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। शराब दुकानों में एमआरपी रेट से अधिक वसूली की जा रही है। दुकानों से रेट बोर्ड' गायब है क्षेत्र के ढाबों, होटलों भोजनालयों में ठेकेदार की शह पर खुलेआम शराब परोसी बेची जा रही है। ग्रामीणों के द्वारा आबकारी विभाग के अधिकारियों से शराब दुकानों की जांच कार्यवाही करने की माग की है।

## निजी स्कूलों पर प्रशासनिक दबाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

**सौंसर।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा निजी विद्यालयों पर विद्यार्थियों को तत्काल ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टी.सी.) जारी करने के लिए बनाए जा रहे मौखिक और प्रशासनिक दबाव के खिलाफ 'सौसर अशासकीय शाला संघ' ज्ञापन सोपा है।संघ ने लंबित शुल्क भुगतान अभिलेख सत्यापन के किसी भी हाल में टी.सी. जारी नहीं की जाएगी। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि निजी स्कूलों पर एकपक्षीय दबाव बनाया गया, तो वे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए न्यायालय की शरण लेंगे। संघ अध्यक्ष आशीष जायसवाल, हर्षल काले, चित्रसेन रबड़े, अजीज कुरैशी ने बताया कि प्रत्येक विद्यालय में विद्यार्थियों से संबंधित कई प्रशासनिक और शैक्षणिक प्रक्रियाएँ निर्धारित होती हैं। जिसमे लंबित फीस का सत्यापन (लाइब्रेरी) की पुस्तकों व सामग्री का मिलान,बस इसका निराकरण किये बिना तत्काल टी.सी. जारी करना व्यावहारिक रूप से कठिन है।संघ ने जिला प्रशासन से मांग की है कि निजी स्कूलों से जुड़े किसी भी संवेदनशील निर्णय को लागू करने से पहले संघ के प्रतिनिधियों स्व चर्चा) की जानी चाहिए,यदि निजी विद्यालयों के अधिकारों की अनदेखी कर एकपक्षीय मौखिक या लिखित निर्देश जारी किए गए, तो संघ कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए हाईकोर्ट जाएगा। संघ ने अपनी व्यथा सामने रखते हुए कहा कि वर्तमान में अनेक निजी विद्यालय भारी आर्थिक चुनौतियों और लंबित फीस की समस्या से जूझ रहे हैं। इस दौरान अशासकीय शाला संघ के अनिल खाबोलकर,नरेश आकोटकर,अनिल ठाकरे,जयन्त गुरू,जितेंद्र ठाकुर आदि प्रमुखता से उपस्थित थे।

## भगवान गिरिराज को लगे छप्पन भोगश्री कृष्ण ने गोपियों संग रचाई रासलीला




**जुन्नारदेव।** नगर की समीपस्थ ग्राम जुन्नारदेव विशाला के वार्ड 11 मे शिव महिला मंडल द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा के पांचवें दिन कथा वाचक पंडित विपिन कृष्ण शास्त्री वृंदावन धाम ने भगवान श्री कृष्ण द्वारा इंद्र के अभिमान को तोड़ने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपने छिन्नली पर उठा लेने की कथा का बखान पंडित किया गया, वही भगवान श्री कृष्ण के रास मे गोपी का भेष बनाकर पार्वती जी के संग भगवान शिव का पहुचना तथा श्री कृष्ण द्वारा उनको पहचान लेने की कथा का बखान किया गया जिसमे भगवान श्री कृष्ण राधा एवम भोले नाथ की आकर्षक झांकी का मनमोहक प्रस्तुतिकरण किया गया रास मे हजारो की संख्या मे पहुँचे श्रद्धालुओ ने जमकर नृत्य किया।

### मार्मिक अपील में तब्दील करिए, नगर में पेयजल संकट को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष ने किया अपील

**जुन्नारदेव -:** भीषण गर्मी के दौरान नगर पालिका क्षेत्र में संकट उत्पन्न हो गया। जिसको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे ने नगर वासियों से अपील करते हुए कहा कि जलस्त्रोत पेचनदी में पेयजल का स्तर कम होने के कारण, ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था बनाने में परेशानी का सामना करना पड रहा है। नगर पालिका के द्वारा नियमित रूप से पेयजल व्यवस्था बनाये जाने के निरंतर प्रयास किये जा रहे है, जैसे-जैसे पानी की व्यवस्था होगी, नगर पालिका द्वारा विधिवत कम अनुसार पेयजल कि सप्लाई कि जावेगी।अतएवं नागरिको से अपील है कि, संकट की इस घड़ी में धैर्य और संयम बनाए रखे, पेयजल का दुरुप्रयोग न करे, तथा नलो में टोटी का प्रयोग करे, पानी व्यर्थ न बहाये, नगर पालिका का सहयोग करे, तथा किसी भी प्रकार की अफवाओ पर ध्यान न देवे।

### रेलवे बोर्ड द्वारा 30 हजार रेलवे पदों के समर्पण/सरेंडर किए जाने के विरोध में काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन



**जुन्नारदेव :** मध्य रेलवे कर्मचारी संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ / भारतीय रेलवे मजदूर संघ के तत्वावधान में रेलवे स्टेशन परिसर में रेलवे बोर्ड द्वारा 30 हजार रेलवे पदों के समर्पण/सरेंडर किए जाने के विरोध में रेलवे कर्मचारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा काली पट्टी बांधकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।इस अवसर पर विशाल द्वार सभा का आयोजन भी किया गया, जिसमें वक्ताओं ने रेलवे में लगातार पदों की कमी, कर्मचारियों पर बढ़ते कार्यभार तथा रेल सुरक्षा पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों को गंभीर चिंता का विषय बताया। वक्ताओं ने रेलवे बोर्ड से समर्पित किए गए पदों को तत्काल पुनः बहाल करने तथा रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती करने की मांग की।कार्यक्रम में **MRKS** के जोनल महामंत्री सागर सिंह तोमर, मंडल उपाध्यक्ष विवेक चाटे राधे श्याम चौधरी, **MRKS** जुन्नरदेव **branch** सचिव कृपाचारी, जुन्नारदेव ब्रांच अध्यक्ष साकेत शुक्ला सहित **MRKS** एवं **BMS** के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं रेलवे कर्मचारी उपस्थित रहे तथा सभा को समर्थन प्रदान किया।सभा के अंत में रेलवे कर्मचारियों के हितों की रक्षा हेतु संगठन द्वारा आगे भी संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया गया।

## कनक ने गया राग दरबारी, झूम गई जनता सारी

### टिम्मू और कमर ने भी खूब बांधा समां




हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

कोयलांचल के हृदय स्थल पर मौजूद चाँदशाह वली की पहाड़ी पर गुरुवार - शुक्रवार दरमियानी रात भारत के अलग - अलग राज्यों से आए कव्वालों ने रात भर समा बांधा । मौका था हजरत बाबा चाँदशाह वली के उर्स का । जिसमें बैंगलोर (कर्नाटक) से आई कनक जोशी ने रागदरबारी में गया तो जनता झूम उठी ।

वहीं जयपुर (राजस्थान) से आए मशहूर कव्वाल टिम्मू गुलफाम और उत्तर प्रदेश से आए कव्वाल कमर वारसी ने रात भर समा बांधे रखा ।19 मई से शुरू हुए बाबा चाँदशाह वली के 70 वें उर्स का समापन 22 मई को सुबह 5 बजे कुल की फातेहा के साथ हुआ । इस दौरान बाबा के चाहने वाले दरगाह आते जाते रहे और अपनी अक्रीदत के अनुसार चादरें , फूल , खुशबू , शिरनी आदि पेश की ।

उर्स के आखिरी दिन रात भर दरगाह में अक्रीदत पेशगी का यह सिलसिला जारी रहा । वहीं कव्वाली का भी शानदार प्रोग्राम हुआ । जिसमें शुरुआती दौर में उर्दू अरबी में महारथ रखने वाली कव्वाला कनक जोशी ने ₹ वो इस तरह आए के नक्शा बदल गया , सारे जहां में नूर का ढांचा बदल गया ₹कलाम से कव्वाली की शुरुआत की , तो वहीं टिम्मू गुलफाम ने लगभग 38 वर्ष बाद दोबारा बाबा चाँदशाह वली के दरबार में अपनी हाजरी लगाई और अपनी आवाज का जादू बिखेरा । इसी तरह कव्वाल कमर वारसी ने भी शानदार तरन्नुम और लहजे में कलाम पेश किए ।

## ईद को लेकर हुई शांति समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया थाना परिसर में आगामी 28 मई को इदुल अजहा (बकरीईद) को लेकर शांति समिति की बैठक हुई । जिसमें त्यौहार की दिन आपसी सौहार्द बनाएं रखने , शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए त्यौहार मनाने की अपील की गई। बैठक नायब तहसीलदार राम सूर्यवंशी , थाना प्रभारी ईश्वरी पटले , न्यूटन चौकी प्रभारी दिनेश बघेल की उपस्थिति में हुई ।

बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता अरुण कपूर , श्री चंद पटेल , कांग्रेस समन्वयक बसंत मालवी , पार्षद नरेंद्र विश्वकर्मा , पवन सूर्यवंशी , वीर बहादुर सिंह , पूनम कैथवास , रुक्मा बंसोड़ , प्रतिमा वैश्य , दर्शन अरोरा , आशीष सिकंदरपुरे , अकबर खान , अमजद अली , शैफ खान , शीतल डेहरिया , सुरेश डेहरिया , उदय गौतम सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

निर्देश व अपील :01 निर्धारित एवं वैध स्थान पर ही कुर्बानी करें।02. मार्वजनिक स्थार, सड़क, नाती, पार्क अथवा खुले स्थान पर कुर्बानी र करें।

03. प्रतिबंधित पशुओं की कुर्यानी न करें तथा शासन के नियमों का पालन करें।04. पशु खरीद-बिक्री एवं परिवहन के दौरान वैध दस्तावेज साथ रखो05 कुर्बानी के अवशेषों का उचित निस्तारण करें, खुले में फेंका06. स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी नियमों का पालन करें ताकि दुर्गंध या संक्रमण फैले।07. धार्मिक कार्यक्रमों में लाउडस्पीकर का उपयोग निर्धारित समय एवं अनुमति अनुसार करें।

08. सोशल मीडिया पर भड़काऊ, अफवाहयुक्त वा सांप्रदायिक पोस्ट वीडियो/मैसेज साझा न करें।09. किसी भी विवाद या अफवाह की स्थिति में तुरंत पुलिस एवं प्रशासन को सूचना है।10. जुलूस अथवा भीड एकार करने से पूर्व प्रशासनिक अनुमति प्राप्त करें।11. अन्य धर्म एवं समुदाय की भावनाओं का सम्मान बनाए रखें।12. बच्चों एवं बुकाओं को कानून व्यवस्था भंग करने वाली गतिविधियों से दूर गखें।13 यातायात बाधित न हो इसका विशेष ध्यान राबै14. असामाजिक तत्वों अथवा बाहरी संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी पुलिस को दें।15. सीसीटीवी कैमरे एवं स्वयंसेवकों की व्यवस्था में सहयोग करें।16. त्योहार को शांतिपूर्ण, भाईचार एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील करें।

17. प्रशासन द्वारा जारी आदेशी, धारा 163 बीएनएसएस अन्य प्रतिबंधात्मक आदेशों का पालन करें।18. किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक नारेबाजी, पोस्टर या प्रदर्शन से बचें।19. मस्जिद, इंडगाह एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पार्किंग व्यवस्था का पालन करें।20. शांति समिति के सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्र में समन्वय बनाकर शांति बनाए रखने हेतु सक्रिय रहने का आग्रह करें।

# आधुनिक भारत के शिल्पी राजीव गांधी को कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि

### लांजी में आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम में नेताओं ने गिनाए राजीव गांधी के योगदान, राहुल गांधी को बताया देश की नई उम्मीद

हरिभूमि न्यूज लांजी।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बहेला एवं नगर कांग्रेस कमेटी लांजी के संयुक्त तत्वावधान में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा एवं संचार क्रांति के जनक स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम नगर कांग्रेस कमेटी लांजी के अध्यक्ष एवं पार्षद सौरभ मोनू पशीने के निवास स्थान पर आयोजित हुआ, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओ एवं स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय राजीव गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद उपस्थित वक्ताओं ने उनके जीवन चरित्र, राजनीतिक दूरदर्शिता तथा देश के विकास में दिए गए योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी के अध्यक्ष रेवाजी करहाटकरे ने अपने संबोधन में कहा कि भारत में कंप्यूटर एवं संचार क्रांति की नींव राजीव गांधी ने रखी थी। उन्होंने देश को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए नई दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि आज भारत जिस आईटी क्षेत्र में विश्व स्तर पर पहचान बना चुका है, उसकी आधारशिला राजीव गांधी के कार्यकाल में रखी गई थी। जनपद पंचायत लांजी के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र यशवंतराव खोंगल ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने का सपना राजीव गांधी ने देखा था। उन्होंने लोकतंत्र को गांव तक पहुंचाने का कार्य किया। साथ ही युवाओं को लोकतंत्र से जोडने के लिए मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष करना ऐतिहासिक निर्णय था। वहीं सेवानिवृत्त शिक्षक शाहजहां बेग ने राजीव गांधी को असाधारण प्रतिभा का धनी बताते हुए कहा कि उन्होंने आधुनिक भारत की मजबूत आधारशिला रखी। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योति उमरे ने कहा कि गांधी परिवार का देश के प्रति योगदान और बलिदान सदैव याद रखा जाएगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लांजी-किरनापुर क्षेत्र की पूर्व विधायक, मध्यप्रदेश विधानसभा की पूर्व उपाध्यक्ष एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव सुश्री हिना कावरे ने कहा कि राजीव गांधी ने अपनी दूरदर्शी सोच से देश को आधुनिकता, आईटी और संचार क्रांति के युग में पहुंचाया। उन्होंने कहा कि वही सोच और जज्बा आज राहुल गांधी में दिखाई देता है। देश को ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है जो राजनीति से पहले राष्ट्रहित को महत्व दे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी महात्मा गांधी के विचारों को मानने वाली पार्टी है, जहां देश सर्वोपरि है। कार्यक्रम का संचालन नगर कांग्रेस कमेटी लांजी के अध्यक्ष सौरभ मोनू पशीने ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन जनपद पंचायत लांजी के सभापति दिनेश लांडे ने माना।

### संगठन विस्तार और सम्मेलन की तैयारी पर जोर

## अंबेडकर भवन में आम आदमी पार्टी की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



बालाघाट जिले के कटंगी विधानसभा मुख्यालय स्थित अंबेडकर भवन में आम आदमी पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और विशेष रूप से 4 जून 2026 को सिवनी में होने वाले छिंदवाड़ा जोन कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी करना था। प्रदेश प्रभारी जीतेंद्र सिंह तोमर और सह प्रभारी छिंदवाड़ा जोन संतोष पप्पू छिलवाल के दिशा-निर्देशन में आहूत बैठक में रजनीश नायडू (स्टेट कोऑर्डिनेटर), शिव जायसवाल (जिलाध्यक्ष), मस्तराम डाहारे (जिलाध्यक्ष ग्रामीण), अनिल ब्रम्हे (जिला सचिव), प्रशांत मेश्राम (पूर्व प्रत्याशी), योगराज ठाकरे, गुलाब पुष्पतोड़े, धूरन नगपुरे, दीनदयाल कोलते, रामकृष्ण परते, योगेश्वर लिल्हारे प्रमुख रूप से शामिल रहे। बैठक में संगठन विस्तार, क्षेत्र में पार्टी संगठन को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। वहीं 04 जून को सिवनी में आयोजित होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन की चर्चा की गई। बैठक में सक्रिय कार्यकर्ताओं को संगठन की रीढ़ बताते हुए उन्हें भविष्य में नई जिम्मेदारियां सौंपे जाने पर भी चर्चा हुई।

रजनीश नायडू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन तभी मजबूत होगा जब हर कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझे और पार्टी की नीतियों को उन तक पहुंचाए। शिव जायसवाल ने कहा कटंगी विधानसभा में आम आदमी पार्टी का भविष्य उज्ज्वल है। हमें मिलकर काम करना होगा और जनता का विश्वास जीतना होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। किसानों और मजदूरों तक पार्टी की नीतियां पहुंचाना जरूरी है। सिवनी सम्मेलन हमारे लिए ऐतिहासिक अवसर होगा। हम बड़ी संख्या में वहां पहुंचकर अपनी ताकत दिखाएंगे।

## ब्रेक फेल होने से पलटी पिक-अप कोई जनहानि नहीं



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** शनिवार की सुबह तड़के तिरोड़ी थाना क्षेत्र ग्राम बोनकट्टा के मुख्य सड़क मार्ग पर एक पिक-अप वाहन पलटा हुआ पाया गया। ग्रामीणों ने जब वाहन देखा तो उसके चारों पहिए आसमान की ओर थे। यह दृश्य इतना भयावह था कि देखने वालों को लगा मानो कोई बड़ी दुर्घटना हुई हो। लेकिन राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई। वाहन क्रमांक एमएच 40 डीसी 1858 सब्जी से भरा हुआ था और छिंदवाड़ा से होते हुए बोनकट्टा-तुमसर मार्ग पर जा रहा था। था। चालक सोविंद ने बताया कि वे छिंदवाड़ा से सब्जी लेकर बोनकट्टा होते हुए तुमसर की ओर जा रहे थे। रास्ते में एक ट्रैक्टर चालक ने उन्हें जानकारी दी कि बावनथड़ी नदी पर बने पुल से मालवाहन वाहन नहीं जा सकते। इस कारण उन्होंने वाहन को वापस मोड़ दिया। इसी दौरान अचानक वाहन का ब्रेक फेल हो गया और पिक-अप सड़क किनारे पलट गई। हादसे के वक्त वाहन में चालक और परिचालक दोनों मौजूद थे। दोनों सुरक्षित बाहर निकल आए। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह-सुबह जब उन्होंने वाहन देखा तो पहले तो उन्हें लगा कि कोई बड़ी दुर्घटना हुई है। चूंकि कोई जनहानि नहीं हुई, इसलिए मामला केवल वाहन क्षति तक सीमित रहा।

### हाईकोर्ट के निर्देश पर कलेक्टर न्यायालय का बड़ा फैसला, ओबीसी प्रमाण पत्र विवाद में हुई कार्रवाई

# जनपद पंचायत खैरलांजी अध्यक्ष आशु बघेले का अध्यक्ष व सदस्य का निर्वाचन निरस्त व शून्य घोषित

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** खैरलांजी में जनपद पंचायत अध्यक्ष पद को लेकर चल रहे बहुचर्चित निर्वाचन विवाद में कलेक्टर न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाते हुए जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य श्रीमती आशु बघेले का निर्वाचन निरस्त कर दिया है। यह आदेश 14 मई 2026 को पारित किया गया। जिसकी जानकारी शुक्रवार को उजागर की गई।

प्रकरण की शुरुआत जनपद सदस्य खुशबू बिसेन द्वारा दायर निर्वाचन याचिका से हुई थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि वर्ष 2022 के पंचायत चुनाव के दौरान श्रीमती आशु बघेले ने जनपद पंचायत खैरलॉजी की अन्य पिछड़ा वर्ग महिला हेतु आरक्षित सीट निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 19 से चुनाव लड़ते समय मध्यप्रदेश शासन के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध जाति प्रमाण.पत्र प्रस्तुत नहीं किया था। उनके पास केवल महाराष्ट्र शासन द्वारा जारी पिंजारा जाति प्रमाण.पत्र था, जबकि मध्यप्रदेश पंचायत निर्वाचन नियमों के अनुसार आरक्षित सीट पर चुनाव लडने के लिए मध्यप्रदेश का जाति प्रमाण.पत्र आवश्यक है।



मामला पहले कलेक्टर न्यायालय में पहुंचा था, जहां से पारित आदेश को चुनौती देते हुए प्रकरण मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय पहुंचा। हाईकोर्ट ने 19 फरवरी 2026 को पूर्व आदेश निरस्त करते हुए मामले को पुनर्विचार के लिए वापस भेजा था। न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि 1 फरवरी 2019 को संशोधित पंचायत निर्वाचन नियमों के अनुसार आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य है और केवल शपथ पत्र इसके स्थान पर स्वीकार नहीं किया जा सकता।

पुनः सुनवाई के दौरान अनावेदक पक्ष के अधिवक्ता ने राज्य निर्वाचन आयोग के परिपत्र एवं शपथ पत्र के आधार पर नामांकन वैध बताए जाने की दलील दी, वहीं आवेदिका पक्ष से अधिवक्ता रामेश्वर फुंडे ने सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के विभिन्न निर्णयों का हवाला देते हुए निर्वाचन निरस्त करने की मांग की।

कलेक्टर न्यायालय ने अपने विस्तृत आदेश में कहा कि श्रीमती आशु बघेले ने नामांकन पत्र के संबंधित कॉलम में स्वयं नहीं अंकित कर यह स्वीकार किया था कि उनके पास मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं था। न्यायालय ने माना कि महाराष्ट्र का प्रमाण पत्र मध्यप्रदेश में आरक्षण लाभ के लिए मान्य नहीं माना जा सकता तथा नामांकन स्वीकार किया जाना वैधानिक त्रुटि थी।

न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि पुनरीक्षण याचिका दायर होने मात्र से मूल आदेश पर स्वतः रोक नहीं लगती। बाद में उच्च न्यायालय द्वारा पुनरीक्षण याचिका भी खारिज कर दी गई, जिसके बाद कलेक्टर न्यायालय ने अंतिम निर्णय पारित किया। आदेश के अनुसार श्रीमती आशु बघेले को जनपद पंचायत खैरलांजी के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 19 से जनपद सदस्य तथा अध्यक्ष पद हेतु अयोग्य घोषित करते हुए दोनों निर्वाचन शून्य एवं निरस्त घोषित किए गए हैं। साथ ही सक्षम प्राधिकारी को रिक्त पदों पर नियमानुसार आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

## धू धू कर जला हैदराबाद मोहल्ले के विद्युत पोल पर लगा तारों का बाक्स

### पार्षदों, फायर ब्रिगेड कर्मी व विद्युत मंडल कर्मचारियों की सतर्कता से बड़ा हादसा टला



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** शनिवार को सुबह लगभग 11 बजे वारासिवनी नगर के वार्ड नम्बर 11 हैदराबाद मोहल्ले में एक विद्युत पोल पर लगा हुआ विद्युत तारों का बाक्स अचानक धू धू कर जल उठा। जब बाक्स के अंदर के तारों के जलने की बदबू वार्डवासियों को आई, तब उनकी नजर विद्युत पोल के ऊपर लगे हुए बाक्स पर गई, जो धू धू कर जल रहा था।

इसे देखते ही नागरिकों ने तत्काल वार्ड पार्षद मोनू लिमजे को खबर दी। जो तत्काल घटना स्थल पर पहुँचे और उन्होंने तत्काल घटना की खबर मध्यप्रदेश विद्युत मंडल के अधिकारियों को दी। उसके साथ ही उन्होंने नगरपालिका के फायर ब्रिगेड को सूचना दी। खबर मिलते ही फायर ब्रिगेड प्रभारी सूरज करकाडे अपने साथियों के साथ फायर ब्रिगेड लेकर तत्काल स्थल पर पहुँचे और जलते हुए बाक्स को पानी की बौछार से बुझाने का कार्य किया। इसी बीच घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष व पार्षद संदीप मिश्रा भी घटना स्थल पर पहुँच गए थे।

इस बीच मध्यप्रदेश विद्युत मंडल के अधिकारियों ने गोलीबार चौक से विद्युत तारों के प्रवाह को बंद किया और हैदराबाद मोहल्ले के फीडर को बंद कर दिया। जिससे लगभग एक घंटे तक विद्युत प्रवाह बंद रहा। विद्युत प्रवाह बंद करने के बाद विद्युत मंडल के कर्मचारियों द्वारा क्षतिग्रस्त बाक्स में सुधार कार्य किया गया और फिर लगभग एक घंटे बाद विद्युत प्रवाह प्रारंभ किया गया। फिलहाल इस घटना में किसी भी प्रकार की जन हानि नहीं हुई।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों क्षेत्र में बिजली कटौती से लोग परेशान

गणेशगंज। पड़ रही भीषण गर्मी के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पिछले पांच दिनों से जिले का तापमान लगभग 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा रहा है। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दिन में तपिश रहती है, वहीं रात में बिजली आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि रात में जब लोग सोने की तैयारी करते हैं, उसी समय बिजली गुल हो जाती है और कई घंटों तक आपूर्ति बहाल नहीं होती। उनके अनुसार, रात में 11 से 12 बजे तक बिजली कटौती होने से लोगों की नींद, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। भीषण गर्मी में बिजली न रहने से बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। इस संबंध में अभियंता जयप्रकाश धुर्वे. ने बताया कि विभाग की ओर से बिजली कटौती नहीं की जा रही ऊपर से आदेश आता है इस कारण से बिजली कटौती की जाती है।

### जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का होगा सम्मान, आज सिवनी में जिला यादव महासभा का भव्य आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला यादव महासभा सिवनी एवं समस्त यादव परिवार द्वारा 24 मई 2026, रविवार को प्रातः 10 बजे एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम जिला मुख्यालय सिवनी स्थित राशी-बाहुबली लॉन, त्रिकोणा पार्क के पास आयोजित होगा।

आयोजन में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, बुद्धिजीवियों, समाज की प्रतिभाओं एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, कैबिनेट मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, पूर्व राज्यसभा सांसद चंद्रपाल सिंह यादव सहित कई जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों की उपस्थिति प्रस्तावित है।

जिला यादव महासभा ने समाज के सभी लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। आयोजन का उद्देश्य समाज में एकता, सामाजिक समरसता एवं प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना बताया गया है।

### पिंडरई में आज से संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ग्राम पिंडरई, दौढ़ावानी में 24 मई से 31 मई तक संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और क्षेत्र के श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।



आयोजन समिति के अनुसार 24 मई को कलश यात्रा एवं देव स्थापना के साथ कथा का शुभारंभ होगा। कथा का वाचन कथावाचक पं. रामगोपाल शास्त्री (नीलू महाराज) द्वारा किया जाएगा। प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 10 बजे तक मूल पाठ तथा दोपहर 3.30 बजे से शाम 6.30 बजे तक संगीतमय कथा का आयोजन होगा।

31 मई को पूर्णाहुति, हवन एवं भंडारे के साथ कथा का समापन किया जाएगा। आयोजन में शंकरी-नारायण कहार एवं लीलाबाई-रामलाल कहार प्रधान यजमान रहेंगे, जबकि रागिनी-ब्रजलाल कहार संयोजक की भूमिका निभाएंगी।

आयोजन समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने और धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### ग्राम बोथिया और बहनाटोला में शांति समिति की बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** थाना केवलारी के अन्तर्गत आने वाले ग्राम बोथिया एवं बहनाटोला में आगामी ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। आज रात्रि 7 बजे करीब प्रीतम सिंह तिलगाम ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी ईद पर्व को लेकर शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं आपसी भाईचारा एवं कानून का पालन बनाये रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की अफवाह, विवाद अथवा असमाजिक गतिविधियो की जानकारी तत्काल पुलिस को दे। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ते अपराधो को रोकने के लिए सतर्क रहने एवं संदिग्ध व्यक्तियो की सूचना पुलिस तक पहुंचाने की सलाह दी गयी। बैठक में एसडीओपी आशीष भंराडे एवं हिन्दू मुस्लिम समुदाय के वरिष्ट ग्रामीणो जनो की सहभागिता रही।

# जावा सर्रा घाट पर अनियंत्रित होकर पलटा ओवर लोड ऑटो 9 बच्चे घायल, दो गंभीर बच्चों को किया जबलपुर रेफर



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के घंसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत जावा सर्च घाट पर शनिवार दोपहर एक तेज रफ्तार और ओवरलोड ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो में सवार 9 बच्चे घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार, भटेखारी एवं आसपास के गांवों के बच्चे एक ऑटो में सवार होकर घंसौर क्षेत्र में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ऑटो में क्षमता से अधिक बच्चे बैठे हुए थे। दोपहर करीब 2 बजे जावा सर्च घाट के पास चालक वाहन से संतुलन खो बैठा, जिससे ऑटो सडक़ पर पलट गया।

हादसे के बाद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल सील चंद धुर्वे (15) और प्रिंस (13) को बेहतर उपचार के लिए जबलपुर रेफर किया गया है। अन्य घायल बच्चों का इलाज घंसौर अस्पताल में जारी है।

बताया जा रहा है कि हादसे के बाद एक राहगीर पिकअप चालक ने भी मदद करते हुए घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। समय पर उपचार मिलने से अन्य बच्चों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। प्रारंभिक पुलिस जांच में ऑटो की तेज रफ्तार और ओवरलोडिंग हादसे का मुख्य कारण सामने आया है। घंसौर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा फरार ऑटो चालक की तलाश की जा रही है।

# घोष की ताल पर कदम मिलाती सेविकाओं ने निकाला पथ संचलन



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राष्ट्र सेविका समिति महाकौशल प्रांत का 15 दिवसीय प्रवेश शिक्षा वर्ग विगत 9 मई से 24 मई 2026 तक माउंट लिटेरा जी स्कूल, प्रकाशनगर बारापत्थर सिवनी में चल रहा है। इस प्रशिक्षण कर्ग में प्रांत के 9 विभागों के 22 जिलों से 101 बहनें प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। वर्ग का उद्घाटन 10 मई को हुआ।

दिनांक 21 मई को प्रशिक्षण वर्ग में हिस्सा ले रही प्रांत भर की सेविकाओं ने शहर में पथ संचलन निकाल अनुशासन के साथ शौर्य व पराक्रम का दिया संदेश 7

प्रांत कार्यवाहिका सुमेधा पोळ ने बताया कि संचलन तिलक स्कूल प्रांगण से महावीर मढ़िया, शंकर मढ़िया से नगरपालिका के सामने से होता हुआ लक्ष्मीनारायण मंदिर,बस स्टैण्ड के सामने से ष्टरूशापिंग मॉल,छोटी मस्जिद चौराहा से राममंदिर,शुक्रवारी चौक,दुर्गा चौक से ढिमरी मोहल्ला होता हुआ पुनः तिलक स्कूल में जाकर संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण वर्ग की वर्गाधिकारी शिखा राय ने बताया कि राष्ट्र सेविका समिति का मुख्य उद्देश्य भारतीय स्त्रियों को शारीरिक ,बौद्धिक और नैतिक रूप से सशक्त बनाना है ताकि वे राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकें। समिति का उद्देश्य स्त्री शक्ति को पहचाने और महिलाओं को राष्ट्र धर्म की सेवा के साथ राष्ट्र निर्माण में उनका विकास राष्ट्र के विकास में सहायक होगा। समिति महिलाओं के शारीरिक, स्वास्थ्य, बौद्धिक क्षमता और मनोबल को बढ़ाने के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण वर्ग लगते हैं। जिनमें महिलाओं के साथ बालिकाओं का हर प्रकार का व्यक्तित्व निर्माण और विकास होता है। साथ ही समिति महिलाओं को भारतीय संस्कृति और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ कर उन्हें राष्ट्र के प्रति समर्पित बनती है और हमारा उद्देश्य भी है।

# आगामी त्यौहारों को लेकर थाना लखनवाड़ा में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित

## एसपी ने सुनी क्षेत्र की समस्याएं, शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने की अपील

**आगामी त्यौहारों के मद्देनजर कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने एवं जनता से सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से दिनांक 22.05.2026 को थाना लखनवाड़ा में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, ग्राम सरपंचगण, मीडिया बंधुओं एवं आम नागरिकोंने एसपी महोदय से भेंट कर थानाक्षेत्र की स्थानीय समस्याओं, सुझावों व अपेक्षाओं से अवगत कराया।

1. शांतिपूर्ण त्यौहार- एसपी महोदय ने सभी से आगामी बकरीद सहित अन्य त्यौहार शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। अफवाहों से बचने व किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की समझाइश दी गई।
2. समस्या निराकरणः नागरिकों द्वारा बताई गई कानून-व्यवस्था, यातायात, नशाखोरी व अन्य स्थानीय समस्याओं पर एसपी महोदय ने तत्काल संज्ञान लेकर निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।
3. पुलिस-जन सहयोगः त्यौहारों के दौरान पुलिस-जन सहयोग बढ़ाने, ग्राम सुरक्षा समितियों को सक्रिय करने एवं सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत करने पर बल दिया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, एसडीओपी सिवनी सचिन परते, थाना प्रभारी लखनवाड़ा निरीक्षक चंद्र किशोर सिरामे सहित थाना स्टाफ एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

एसपी सिवनी ने कहा कि जनता का विश्वास ही पुलिस की सबसे बड़ी ताकत है। त्यौहार सभी के हैं, इन्हें मिल-जुलकर शांति से मनाएं। पुलिस हर कदम पर आपके साथ है।

# कबीर वार्ड के शिव नगर ज्ञानी मोहल्ला में बदहाल सफाई व्यवस्था

**नगर पालिका परिषद सिवनी की लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। शहर के वार्ड क्रमांक-6 अंतर्गत कबीर वार्ड स्थित शिव नगर (ज्ञानी मोहल्ला) में नालियों और पुलियाओं की सफाई नहीं होने से हालात बद से बदतर हो गए हैं।**

## दो पुलियाएं जाम होने से सड़क पर बह रहा गंदा पानी: रहवासियों में आक्रोश

क्षेत्र की दोनों पुलियाएं पूरी तरह जाम हो चुकी हैं, जिसके कारण पानी की निकासी बंद हो गई है और गंदा पानी सडक़ों पर बह रहा है। इससे स्थानीय रहवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि लंबे समय से क्षेत्र की नालियों की सफाई नहीं कराई गई है। गंदगी और कचरा जमा होने से पुलियाओं में पानी रुक गया है, जिसके चलते आसपास के घरों और गलियों में जलभराव जैसी स्थिति बन गई है। क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। रहवासियों का कहना



है कि यदि जल्द सफाई नहीं कराई गई तो संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ सकता है।

क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। नागरिकों का आरोप है कि नगर पालिका केवल कागजों में सफाई अभियान चलाती है, जबकि जमीनी स्तर पर हालात बेहद खराब हैं। बरसात से पहले भी यदि नालियों और पुलियाओं की सफाई नहीं हो पा रही है तो आगामी बारिश में स्थिति और भयावह हो सकती है। रहवासियों ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपकर तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्रवासी आंदोलन करने को मजबूर होंगे। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि कबीर वार्ड के शिव नगर क्षेत्र में जाम पड़ी दोनों पुलियाओं की तत्काल सफाई कराई जाए, नियमित सफाई कर्मियों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा जल निकासी की स्थायी व्यवस्था बनाई जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# पावन रामकथा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब विधायक मर्सकोले ने की सहभागिता

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

क्षेत्र में आयोजित हो रही पावन श्रीराम कथा में आज श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। कथा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमडऩे लगी थी। महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र का श्रवण किया। पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से भक्तिमय हो उठा। कथा वाचिका द्वारा भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, सेवा, त्याग और धर्म के संदेश को अत्यंत सरल एवं भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

आज के विशेष अवसर पर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक ने कथा स्थल पहुँचकर पूजन-अर्चन किया तथा कथा का श्रवण किया। उनके आगमन पर आयोजन समिति एवं श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। विधायक जी ने कथा आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि रामकथा केवल धार्मिक आयोजन



नहीं, बल्कि समाज को संस्कार, सद्भाव और नैतिकता से जोडऩे का माध्यम है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणास्त्रोत है और हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

कथा के दौरान भजन-कीर्तन ने वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु भक्ति रस में डूबकर भजनों पर झूमते नजर आए। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के बैठने, पेयजल एवं प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्था की गई थी।

दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने कथा का आनंद लिया और आयोजन की प्रशंसा की। कथा वाचिका ने अपने प्रवचन में माता सती प्रसंग एवं प्रभु श्रीराम की मर्यादा का वर्णन करते हुए कहा कि जीवन में सत्य, सेवा और संयम का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि रामकथा मनुष्य को आत्मिक शांति प्रदान करती है तथा समाज में प्रेम और भाईचारे का संदेश देती है।

कार्यक्रम के अंत में महाआरती आयोजित की गई, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे वातावरण में भक्ति और श्रद्धा की अनूठी छटा देखने को मिली। आयोजन समिति ने सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया तथा आगामी दिनों में भी अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण हेतु उपस्थित होने की अपील की। रामकथा के इस पावन आयोजन ने क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक एकता का संदेश दिया है। श्रद्धालुओं का उत्साह यह दर्शाता है कि भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं के प्रति लोगों की आस्था आज भी उतनी ही मजबूत है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कुएं की साफ-सफाई कर जल स्रोत को दिया पुर्नजीवन

**हरिभूमि न्यूज धूमा।**

मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत मप्र जन अभियान परिषद लखनादौन द्वारा जल संरक्षण,जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने हेतु व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जल संरचनाओं की साफ-सफाई एवं संरक्षण का अभियान निरंतर चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में दिनांक 23 मई 2026 को विकासखंड लखनादौन के सेक्टर क्रमांक-3 (धूमा) अंतर्गत ग्राम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नेटवर्क एवं ग्रामवासियों की सहभागिता से कुएं की साफ-सफाई का कार्य किया गया। इस श्रमदान एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम के



माध्यम से जल स्त्रोत के पुनर्जीवन का सराहनीय प्रयास किया गया। कार्यक्रम जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला एवं विकासखंड समन्वयक श्रीमती रीता वर्मा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के परामर्शदाता प्रवेश सारठे, नवांकुर संस्था चेतना संदेश समिति के अध्यक्ष विजय नेमा, कोषाध्यक्ष विजय श्रीवास्तव,सचिव उमेश गोलहानी सहित समिति सदस्य एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पांडुपुरा के सचिव-अध्यक्ष विजय सेन, रघुवीर झरिया, प्रमोद मरावी, अजीत चौधरी एवं ग्राम के अनेक नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों ने जल संरक्षण एवं जल स्त्रोतों के संवर्धन हेतु सामूहिक सहभागिता का संकल्प लिया।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता संगोष्ठी मे किया सहभागिता

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

सिवनी। सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर आयोजित संगोष्ठी मे मुख्य अतिथि के रूप मे सहभागिता किया। आज वन विद्यालय लखनादौन मे वन विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी मे भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने मुख्य अतिथि के रुप मे सहभागिता किया। कार्यक्रम मे सर्वप्रथम आपने मां सरस्वती जी का पूजन व दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। तदोपरांत अधिकारियों द्वारा आपका पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने अपने उद्बोधन में जैव विविधता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कृषि प्रधान फसलों के बढ़ते प्रभाव के कारण जंगलों में पाई जाने वाली अनेक जड़ी-बूटिया धारे-धारे विलुप्त होती जा रही हैं। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि अधिक मात्रा में कीटनाशकों के उपयोग मानव जीवन एवं पर्यावरण के लिए घातक है। साथ ही गौरैया जैसी पक्षियों का शहरों से पलायन पर्यावरणीय असंतुलन का गंभीर संकेत है। तथा जंगलों में लगने वाली आग को भी अत्यंत भयावह बताते हुए कहा कि इससे नन्हे पौधे, छोटे कीट-पतंगे एवं वन्य जीवों का प्राकृतिक जीवन चक्र प्रभावित होता है, जो जैव विविधता के लिए बड़ा खतरा है। इस अवसर पर महेंद्र उइके वन मंडल अधिकारी, गोपाल सिंह संयुक्त वन मंडल अधिकारी, राहुल शर्मा , बी.आर. अटया , एम.सी. सनोडिया प्राध्यापक, के एल कावरे , हेमराज वट प्रदीप पटेल , मंजू साहू कदम संस्था प्रमुख शरद सिंह , उत्तम सिंह रुचि पटेल , आशुतोष चन्द्रवंशी , आशीष परोहा , सागर श्रीवास्तव सहित वन प्रशिक्षार्थी एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**नेताजी सुभाष चंद्र बोस आदिवासी कन्या छात्रावास धूमा में जीएसटी घोटाले की गूंज, नियम विरुद्ध बिलों से उठे भ्रष्टाचार के सवाल?**


# छोटे गांव के दूध विक्रेता से हजारों रुपए के बिल, लखनादौन से लकड़ी खरीदी और जिला शिक्षा अधिकारी की चुप्पी बनी चर्चा का विषय

**हरिभूमि संवाददाता मुकेश साहू। सिवनी जिले के नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास धूमा में भ्रष्टाचार की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। ताजा मामला धूमा कन्या आश्रम हॉस्टल से जुड़ा है, जहां जीएसटी नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाकर बिल लगाए जाने और फर्जी खरीदी का आरोप लगाया जा रहा है। सवाल यह खड़ा हो रहा है कि आखिर जिला शिक्षा अधिकारी की निगरानी में चलने वाले इन संस्थानों में इतने बड़े स्तर पर अनियमितताएं कैसे हो रही हैं? क्या अधिकारियों की चुप्पी इस पूरे खेल में मिलीभगत की ओर इशारा कर रही है?**

लखनादौन विकासखंड अंतर्गत संचालित नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास धूमा इन दिनों गंभीर आरोपों के घेरे में है। आरोप है कि हॉस्टल संचालन के नाम पर नियम विरुद्ध तरीके से खरीदी कर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। सबसे बड़ा सवाल उन बिलों को लेकर उठ रहा है जिनमें जीएसटी के नियमों का पालन तक नहीं किया गया, बावजूद इसके भुगतान की प्रक्रिया जारी रही।

जानकारी के अनुसार हॉस्टल के लिए हजारों रुपए की लकड़ी लखनादौन क्षेत्र से खरीदी गई, जबकि स्थानीय स्तर पर सामग्री उपलब्ध होने के बावजूद दूरस्थ स्थान से खरीदी करना कई संदेह पैदा करता है। ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती गई और न





ही निविदा संबंधी नियमों का पालन किया गया।

वहीं सबसे चौंकाने वाला मामला गुदवाड़ा जैसे छोटे ग्राम से सामने आया है, जहां एक दूध विक्रेता द्वारा करीब 36 हजार रुपए का जीएसटी बिल प्रस्तुत किया गया। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या संबंधित विक्रेता विधिवत जीएसटी पंजीकृत है? यदि नहीं, तो आखिर इतनी बड़ी राशि का जीएसटी बिल किस आधार पर स्वीकार किया गया? और यदि बिल नियमों के विपरीत है तो संबंधित अधिकारियों ने उसे पास कैसे कर दिया?

स्थानीय लोगों का आरोप है कि हॉस्टल अधीक्षक द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से बिल लगाकर सरकारी धन को ठिकाने लगाने का प्रयास किया जा रहा है। मामले में यह भी कहा जा रहा है कि जिन दुकानदारों और सप्लायरों के नाम पर बिल लगाए गए हैं, उनमें कई की वास्तविक व्यापारिक क्षमता तक संदिग्ध है।

सबसे गंभीर बात यह है कि पूरा मामला जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के संज्ञान में होने के बावजूद अब तक कोई ठोस जांच या कार्रवाई सामने नहीं आई। इससे यह सवाल और गहरा हो गया है कि आखिर जिला शिक्षा अधिकारी मूकदर्शक क्यों बने हुए हैं? क्या विभागीय अधिकारियों की शह के बिना इतने बड़े स्तर पर नियम विरुद्ध भुगतान संभव है?

ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। साथ ही संबंधित हॉस्टल अधीक्षक, लेखा शाखा और बिल पास करने वाले अधिकारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच हो। यदि जीएसटी नियमों का उल्लंघन और फर्जी बिलिंग साबित होती है तो दोषियों पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाए।

अब देखना होगा कि जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग इस गंभीर मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं, या फिर हमेशा की तरह जांच के नाम पर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

## आबकारी विभाग ने दो दुकानों पर 4.54 लाख का लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में एमआरपी से अधिक और कम कीमत पर शराब बेचने के मामले में आबकारी विभाग ने दो दुकानों पर 4 लाख 54 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई लांजी क्षेत्र में की गई, जहां अनियमितताएं पाई गईं। जिले में अब तक कुल छह दुकानों पर ऐसी कार्रवाई हो चुकी है।

आबकारी अधिकारी अजीत एक्का ने बताया कि लांजी वृत्त के उपनिरीक्षक ने 7 मई को आकस्मिक टेस्ट परचेज और निरीक्षण किया था। इस दौरान लांजी और हिर्री स्थित दो अलग-अलग मदिरा दुकानों में एमआरपी से अधिक और कम दाम पर शराब बेचने की अनियमितता सामने आई।

निरीक्षण में पाया गया कि कम्पोजिट मदिरा दुकान लांजी-बी में रॉयल स्टेग व्हिस्की (180 एमएल) 260 रुपये की एमआरपी के बजाय 300 रुपये में बेची जा रही थी। ग्राहकों से प्रति पाव 40 रुपये अधिक वसूल जा रहे थे। यह मध्य प्रदेश राजपत्र (असाधारण) 20 फरवरी 2026 की कंडिका 21.1 और सामान्य अनुज्ञप्ति की शर्तों 7, 18, 20 एवं 22 का उल्लंघन था।

इस मामले में आबकारी विभाग ने विनो ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड पर 2 लाख 25 हजार 736 रुपये की शास्ति (जुर्माना) और 10 हजार रुपये का अतिरिक्त जुर्माना लगाया। इसे कंपनी का पहला अपराध मानते हुए प्रकरण का शमन किया गया।

इसी तरह, कम्पोजिट मदिरा दुकान हिर्री में देशी मसाला मदिरा (180 एमएल) 93 रुपये की एमआरपी के बजाय 90 रुपये में बेची जा रही थी। यह भी अनुज्ञप्ति शर्तों का उल्लंघन पाया गया।

इस उल्लंघन के लिए विभाग ने स्मोकिन लिकर्स प्राइवेट लिमिटेड पर 2 लाख 28 हजार 385 रुपये की शास्ति और 10 हजार रुपये का अतिरिक्त जुर्माना लगाकर प्रकरण का निराकरण किया।



## बालाघाट सिवनी मार्ग पर उड़ रहे धूल के गुब्बारे

### पटरी भराई के नाम पर आम जनता की सेहत से खिलवाड़



**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** कुछ दिन पूर्व बालाघाट सिवनी मार्ग की मरम्मत का कार्य किया गया. जो निम्न दर्जे का और घटिया किया गया वर्तमान दिनों में मार्ग की साइड पटरी भरी जा रही है बताया जा रहा है कि इतना घटिया मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है कि आम राहगीरों की भारी परेशानी उत्पन्न हो रही है मार्ग पर धूल के गुब्बारे देखे जा सकते हैं. कहीं ना कहीं खिलवाड़ ही जैसा है कंजई से लेकर सिहोरा तक मार्ग की मरम्मत का घटिया कार्य किया जा रहा है साइट पटरी में मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है मिट्टी भी ऐसी की जो वाहनों की आवाजाही से धूल के गुब्बारे तब्दील दिखाई दे रही है मार्ग पर कहीं पटरी भरी जा रही है और कहीं नहीं भरी जा रही है जिससे इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि कार्य कितना निम्न स्तर का किया जा रहा है जिला प्रशासन इस और ध्यान दें और संबंधित विभाग को निर्देशित करे कि साइट पटरी में मिट्टी की जगह मुरूम का उपयोग करें मिट्टी का उपयोग होने से मार्ग पर धूल के गुब्बारे आम जनता की सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं इस बात की मीडिया को शिकायत भी प्राप्त हुई है और लालबर्रा क्षेत्र के ग्राम धारावासी के पूर्व सरपंच अनिल उइके ने बालाघाट सिवनी मार्ग पर हो रहे कार्य पर सवाल उठाए हैं जिला प्रशासन से अनुरोध कर कहा है कि है मार्ग की गुणवत्ता से मरम्मत किया जाए। देखने में आ रहा है की मार्ग की घटिया मरम्मत के चलते दुर्घटनाओं में इजाफा देखा गया। जिम्मेदार विभाग घटिया कार्य को रोके और अच्छे से मरम्मत कराये।

## नियमों का उल्लंघन: इमरजेंसी एग्जिट गेट बंद, फर्स्ट एड बॉक्स में एक्सपायर दवाएं मिली

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट बस स्टैंड पर शनिवार को यातायात विभाग की जांच में यात्री बसों की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई। जांच के दौरान अधिकांश बसों में इमरजेंसी एग्जिट गेट बंद मिले और फर्स्ट एड बॉक्स में रखी दवाएं एक्सपायरी डेट की पाई गईं। विभाग ने बस संचालकों को दो दिन में व्यवस्था दुरुस्त करने की चेतावनी दी है।**



यातायात थाना प्रभारी यीना राहंगडाले के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में पाया गया कि कई बसों से अग्निशमन यंत्र और किराया सूची नदारद थी। अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में बस मालिकों ने इमरजेंसी एग्जिट गेट के पास भी अतिरिक्त सीटें लगवा दी थीं, जिससे दुर्घटना की स्थिति में यात्रियों का निकलना असंभव हो सकता है। हाल ही में शाजापुर में हुई बस आगजनी की घटना, जिसमें एक मासूम की जान चली गई थी, के बाद पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर यह कार्रवाई की जा रही है। बालाघाट पुलिस का मुख्य उद्देश्य लोक परिवहन की बसों में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और आगजनी जैसी घटनाओं को रोकना है। यातायात प्रभारी ने बताया कि वर्तमान में बस ऑपरेटरों को केवल समझाइश दी जा रही है। उन्हें दो दिनों का समय दिया गया है ताकि वे निकास द्वार से अतिरिक्त सीटें हटा लें और एक्सपायर दवाओं व अग्निशमन यंत्रों को बदल सकें। सोमवार के बाद भी खामियां मिलने पर बसों को जब्त करने और भारी जुर्माना लगाने की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**बालाघाट।** बालाघाट जिले के लांजी थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। हादसा कटंगनाला के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे लगे सीमेंट के पिलर से टकरा गई। हादसे में बाइक चला रहे 25 वर्षीय संजय झारिया घायल हो गए हैं, जिनका इलाज सिविल अस्पताल लांजी में जारी है। उनके साथ सवार 40 वर्षीय अजय दक्खनवार को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।घटना दोपहर करीब 12 से 1 बजे के बीच हुई। बाइक क्रमांक एमपी 50 जेडएच 7053 नागपुर से परसवाड़ा जा रही थी। रास्ते में कटंगनाला के पास यह हादसा हुआ। घायल संजय झारिया छत्तीसगढ़ के रेंगाखार क्षेत्र के मुंडघुसरी के निवासी हैं, जबकि मृतक अजय दक्खनवार महाराष्ट्र के धामनगांव के रहने वाले थे।

## शराब दुकान के प्रस्तावित स्थल का विरोध, महिलाओं ने संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में रैन बसेरा के सामने तालाब के पास प्रस्तावित शराब दुकान के स्थल का महिलाओं ने विरोध शुरू कर दिया है। यह विरोध बुढ़ी क्षेत्र में संचालित 50 साल पुरानी शराब दुकान को हटाने के आंदोलन से जुड़ा है। महिलाएं डेढ़ महीने से इस दुकान को हटाने की मांग कर रही हैं। इसी दुकान को वार्ड क्रमांक 13 और 14 के बीच रैन बसेरा के सामने खाली जगह पर स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है। इस जानकारी के बाद आसपास की महिलाओं ने बैनर लेकर मोर्चा खोल दिया।

शनिवार को महिलाओं ने प्रस्तावित स्थल पर शराब दुकान लाए जाने के विरोध में जमकर नारेबाजी की। उन्होंने चेतावनी दी कि यहां दुकान खुलने नहीं दी जाएगी और यदि ऐसा होता है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी नगरपालिका की होगी।

बालाघाट शहर में महिलाओं के आंदोलन के परिणामस्वरूप पहले भी भटेरा और वार्ड क्रमांक 24 की शराब भट्टियों का स्थान बदला जा चुका है। बुढ़ी की दुकान हटाने के आंदोलन को सांसद, विधायक, नपाध्यक्ष, आयोग सदस्यों सहित कई राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ताओं का समर्थन मिला है।


हालांकि, बुढ़ी की शराब दुकान अभी भी यथावत है, और प्रस्तावित नए स्थल पर भी विरोध के बाद प्रशासन और आबकारी विभाग के सामने दुकान को स्थानांतरित करने को लेकर नई चुनौती खड़ी हो गई है। रहवासी महिलाओं ने बताया कि यह स्थल स्कूली बच्चों और स्थानीय निवासियों के आवागमन का मुख्य मार्ग है। साथ ही, तालाब के पास बने पथवे पर महिलाएं सुबह-शाम घूमने आती हैं।

## सड़क हादसे में पति-पत्नी घायल

**बालाघाट।** बालाघाट में एक सड़क हादसे में एक दंपत्ती घायल हो गया। शनिवार शाम शहर के आंबेडकर चौक पर एक तेज रफ्तार चौपहिया वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। बैहर क्षेत्र के करवाही निवासी घनश्याम हरदे (40) अपनी पत्नी सुशीला हरदे (35) को निजी अस्पताल में चेकअप के बाद सोनोग्राफी कराने ले जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक को पीछे से आ रहे चौपहिया वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में सुशीला के सिर, हाथ और पैर में चोटें आई हैं, जबकि घनश्याम को अंदरूनी चोटें बताई जा रही हैं। घटना के तुरंत बाद राहगीरों ने एम्बुलेंस को सूचना दी और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। यह हादसा कोतवाली थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर हुआ। अस्पताल पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज कर कोतवाली पुलिस को जानकारी दे दी है।

### बिजली, पानी, सड़क और स्कूल की समस्याओं का मौके पर दिए समाधान के निर्देश

## कनकी में रात्रि कालीन चौपाल लगाकर कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्या



**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** जिले के कलेक्टर मृणाल मीना ने गुरुवार 22 मई को लालबर्रा विकासखंड के ग्राम कनकी में रात्रिकालीन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। चौपाल में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ, वारासिवनी एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल सहित विभिन्न विभागों के खंड एवं ग्राम स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

चौपाल की शुरुआत में ग्राम पंचायत कनकी के सरपंच श्री दुर्गा प्रसाद पगरवार ने गांव की प्रमुख समस्याओं को सामने रखा। उन्होंने बताया कि गांव के आधे हिस्से को धपेरा फीडर और शेष हिस्से को गर्रा फीडर से बिजली आपूर्ति होने के कारण नियमित विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। इसके अलावा बांडा तालाब की भूमि का सीमांकन नहीं होने, नहरों की सफाई नहीं होने, रेत खदान से ग्रामीणों को रेत नहीं मिलने तथा नल-जल योजना का पानी आवास टोला तक नहीं पहुंचने जैसी समस्याएं बताई।

कलेक्टर श्री मीना ने संबंधित अधिकारियों से मौके पर चर्चा कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली और समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। विद्युत विभाग के कनिष्ठ यंत्री ने 15 दिनों के भीतर बिजली फीडर संबंधी समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। वहीं पीएचई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि लवादा की पानी टंकी में क्षमता अनुसार जल भंडारण नहीं होने से पेयजल संकट उत्पन्न हो रहा है। इस पर कलेक्टर ने शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग को बांडा तालाब की नहरों की सफाई कराने के निर्देश भी दिए गए।

ग्रामीणों ने पानी निकासी के लिए सड़क किनारे नाली निर्माण की मांग रखी। इस पर पंचायत सचिव को जेसीबी मशीन से नाली खुलवाने की कार्रवाई करने को कहा गया। वहीं कनकी के बंजारी आवास टोला में स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र नहीं होने की समस्या पर कलेक्टर ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत बच्चों के लिए वैकल्पिक शाला व्यवस्था करने तथा आंगनवाड़ी सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

चौपाल में खाद्यान्न पात्रता पर्ची और प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े मामलों पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर श्री मीना ने स्पष्ट किया कि अपात्र लोगों के नाम सूची से हटने के बाद पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न पर्ची जारी की जाएगी। वहीं जिन लोगों के नाम आवास प्लस सर्वे सूची में शामिल हो चुके हैं, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलेगा।

कृषि एवं पशुपालन विभाग से संबंधित समस्याओं पर अधिकारियों ने ग्रामीणों को जानकारी दी। कृषि विभाग ने किसानों को मिट्टी परीक्षण सुविधा का लाभ लेने की अपील की, जबकि पशुपालन विभाग ने बताया कि मादा पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान एवं सेक्स सॉर्टेड सीमेन सुविधा के लिए पशुपालक टोल फ्री नंबर 1962 पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। कलेक्टर श्री मीना ने पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, कृषि विस्तार अधिकारी, पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, एएनएम तथा पंचायत स्तर के अन्य कर्मचारियों की ग्राम पंचायत में उपलब्धता का साप्ताहिक शेड्यूल पंचायत भवन में चस्पा करने के निर्देश दिए।चौपाल के दौरान स्वामित्व योजना के तहत गोपाल नखाते के नाम से दो पट्टे जारी होने का मामला भी सामने आया। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम को एक पट्टा निरस्त करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने चौपाल में प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि लंबे समय से लंबित समस्याओं का अब जल्द समाधान होगा।

### पेसा मोबिलाइजरों की सेवा बहाली की मांग, आदेश निरस्त करने की उठाई आवाज

## परसवाड़ा विधायक मधु भगत को संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



पंचायत पेसा मोबिलाइजर संगठन बालाघाट ने परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की विधायक मधु भगत को ज्ञापन सौंपकर पेसा मोबिलाइजरों की सेवाएं समाप्त करने संबंधी आदेश को तत्काल निरस्त करने और सेवा बहाल करने की मांग की है। संगठन का कहना है कि यदि सेवा समाप्ति का आदेश वापस नहीं लिया गया तो आदिवासी क्षेत्रों में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और ग्राम सभा सशक्तिकरण के कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

संगठन द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी आदेश पत्र क्रमांक 8448/सं/राज/RGSA-83/2026 भोपाल, दिनांक 18 मई 2026 के माध्यम से पेसा मोबिलाइजरों की सेवाएं समाप्त करने का निर्णय लिया गया है, जिससे प्रदेशभर के मोबिलाइजरों में चिंता और असंतोष का माहौल है। संगठन ने इस आदेश को आदिवासी अंचलों के विकास और ग्राम स्तरीय योजनाओं के संचालन के लिए नुकसानदायक बताया है।

ज्ञापन में कहा गया कि पेसा मोबिलाइजर लंबे समय से आदिवासी क्षेत्रों में शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। वे ग्रामीण क्षेत्रों में शासन और जनता के बीच सेतु की भूमिका निभाते हुए ग्राम सभा सशक्तिकरण, पेसा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, जनजागरूकता अभियान तथा विभिन्न विकास कार्यों में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। ऐसे में उनकी सेवाएं समाप्त होने से न केवल योजनाओं के क्रियान्वयन पर असर पड़ेगा, बल्कि आदिवासी क्षेत्रों की विकास गति भी प्रभावित होगी।

संगठन ने यह भी उल्लेख किया कि पेसा मोबिलाइजर सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आते हैं तथा सेवा समाप्ति के कारण उनके समक्ष आजीविका का संकट उत्पन्न हो जाएगा। ज्ञापन के अनुसार, अधिकांश पेसा मोबिलाइजर ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में कार्यरत महिलाएं हैं, जिनकी संख्या लगभग 90 प्रतिशत बताई गई है। ऐसे में सेवा समाप्ति का निर्णय अनेक परिवारों की आर्थिक स्थिति को प्रभावित कर सकता है।

संघ ने विधायक मधु भगत से आग्रह किया कि वे इस विषय को गंभीरता से लेते हुए राज्य शासन के समक्ष मजबूती से रखें और सेवा समाप्ति संबंधी आदेश को निरस्त कराने के लिए आवश्यक पहल करें। संगठन का कहना है कि पेसा मोबिलाइजरों की बहाली से ग्राम स्तर पर चल रहे विकास कार्यों की निरंतरता बनी रहेगी और आदिवासी क्षेत्रों में शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव हो सकेगा।

इस दौरान संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि यदि शीघ्र उचित निर्णय नहीं लिया गया तो पेसा मोबिलाइजर आंदोलन की राह भी अपना सकते हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने एक स्वर में सेवा बहाली की मांग को प्रमुखता से उठाया।

### तीन आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय ने भेजा जेल

## ट्रैक्टर चालकों से अवैध वसूली और धमकी

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम भजियापार में ट्रैक्टर चालकों से अवैध वसूली और धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। यह घटना 20 और 21 मई के बीच की है, जिसने ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों पैदा कर दिए हैं। पहली शिकायत जुगराज पिता अंनराम पटले की है। पुलिस ने बताया कि जब वह अपने ट्रैक्टर से खेत जा रहे थे, तभी ग्राम वरुड निवासी अजय पिता जगन्नाथ मड़ावी और राजेश पिता धनसिंह मड़ावी ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने ट्रैक्टर आगे बढ़ने से रोका। उनसे जबरन 5 हजार रुपए की मांग की। धमकी दी कि पैसे नहीं देने पर जान से मार देंगे। पुलिस ने जुगराज की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 126(1), 296(ए), 308(3), 351(3), 3/5 के तहत मामला दर्ज किया। दूसरी शिकायत महेश भगत निवासी भजियापार की है। महेश अपने ट्रैक्टर से मिट्टी परिवहन कर रहे थे। उसी दौरान अजय मड़ावी, राजेश मड़ावी और नवीन कोकोड़े ने उनका रास्ता रोक लिया। उनसे जबरन 10 हजार रुपए की मांग की गई। धमकी दी गई कि पैसे नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। महेश की शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 126(1), 296(ए), 308(3), 308(5), 351(3), 3/5 के तहत मामला दर्ज किया।

### कृषि विभाग ने किसानों को नरवाई प्रबंधन, ई-टोकन और डीएसआर तकनीक की दी जानकारी

## टेमनी में देर रात तक चला फॉर्मर रजिस्ट्री अभियान

हरिभूमि न्यूज लांजी।

कलेक्टर बालाघाट के निर्देशानुसार जिले की लांजी तहसील के ग्राम टेमनी में 21 मई को फॉर्मर रजिस्ट्री हेतु विशेष रात्रिकालीन कैंप का आयोजन किया गया। ग्रामीण किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह कैंप शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक संचालित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने पहुंचकर अपनी फॉर्मर रजिस्ट्री करवाई। प्रशासन द्वारा किसानों को शासन की योजनाओं से जोड़ने और खाद वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाने के उद्देश्य से यह पहल की गई। कैंप में हल्का पटवारी प्रिंशु दुबे, कृषि विस्तार अधिकारी अमित नारनौरे तथा ग्राम रोजगार सहायक संतोष पंचाले उपस्थित रहे।अधिकारियों ने किसानों के दस्तावेजों का सत्यापन कर फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी कराई। ग्रामीणों को रजिस्ट्रेशन से संबंधित आवश्यक जानकारी भी दी गई, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### किसानों को दी आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी

कृषि विस्तार अधिकारी अमित नारनौरे ने उपस्थित किसानों को नरवाई प्रबंधन, हरी खाद के उपयोग, ई-टोकन व्यवस्था तथा धान की डीएसआर तकनीक के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने किसानों को समझाया कि नरवाई जलाने से भूमि की उर्वरता कम होती है और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है, इसलिए वैज्ञानिक तरीकों से नरवाई प्रबंधन अपनाना आवश्यक है। साथ ही हरी खाद के उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने और उत्पादन बढ़ाने के फायदे भी बताए गए। अधिकारियों ने किसानों को बताया कि शासन की ई-विकास प्रणाली के माध्यम से खाद प्राप्त करने एवं विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिए फॉर्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है। इसलिए सभी किसान भाइयों से जल्द से जल्द अपनी फॉर्मर रजिस्ट्री पूर्ण कराने की अपील की गई, ताकि भविष्य में किसी भी सरकारी योजना के लाभ से वे वंचित न रहें।



प्रवेश प्रारंभ Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & OTE MP

सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज

B.Tech. 4 Year Degree 12th Mats Pass

Polytechnic 3 Year Diploma 10th Pass

कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
माईनिंग इलेक्ट्रिकल
सिविल मेकेनिकल

JOB SAHI

सतपुड़ा कैम्पस, लाल रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.)

9425836824, 62625604111 Web: www.satpudaengineeringcollege.com